प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

28 अप्रैल 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक ने उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के मई 2021 दौर की शुरुआत की

भारतीय रिज़र्व बैंक नियमित रूप से उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (सीसीएस) करा रहा है। अब इस सर्वेक्षण के मई 2021 दौर की शुरुआत हो रही है। इस सर्वेक्षण में परिवारों से सामान्य आर्थिक परिस्थितियों, रोज़गार परिदृश्य, मूल्य स्तर, परिवारों की आय और व्यय पर उनके मनोभाव के संबंध में गुणात्मक प्रतिक्रिया ली जाती है। यह सर्वेक्षण नियमित रूप से 13 शहरों अर्थात् अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पटना और तिरुवनंतपुरम में की जाती है। इस सर्वेक्षण में 13 शहरों के लगभग 5,400 प्रतिक्रियादाताओं को शामिल किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के परिणाम मौद्रिक नीति के लिए उपयोगी सूचना उपलब्ध कराते हैं।

कोविड-19 महामारी को देखते हुए मेसर्स हंसा रिसर्च ग्रूप प्रा. लिमिटेड, मुंबई नामक एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से टेलीफोन (नियमित व्यक्तिगत साक्षात्कार माध्यम के बजाय) पर इस दौर के सर्वेक्षण का कार्य सौंपा गया है। उक्त एजेंसी प्रयोजनार्थ इस संबंध में चुनिंदा परिवारों से टेलीफोन पर संपर्क करेगी और उनसे टेलीफोन पर प्रतिक्रिया देने के लिए अनुरोध किया जाएगा। अन्य ऐसे व्यक्ति, जिनसे एजेंसी ने संपर्क नहीं किया हो, भी लिंक की हुई सर्वेक्षण सूची का प्रयोग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया देकर इस सर्वेक्षण दौर में भाग ले सकते हैं। सर्वेक्षण सूची को भरकर निम्नलिखित ई-मेल पते पर भेजा जा सकता है। यदि इस संबंध में कोई प्रश्न/स्पष्टीकरण हो तो कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें :

निदेशक
परिवार सर्वेक्षण प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-8, दूसरी मंजिल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई – 400051; फोन : 022-2657 8398, 022-2657 8332,
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/126